an>

Title: Need to construct embankment along the river Ganga in Bilgram-Mallawa region in Misrikh Parliamentary Constitutency of Uttar Pradesh.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : सभापति जी, आपने मुझे बोलने का समय दिया, अपनी जनता की आवाज बनने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मां गंगा के विकास के क्रम में मैं अपने लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख के विधान सभा क्षेत्र बिलग्राम-मल्लावाँ के उस क्षेत्र के विषय में सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं जहाँ प्रतिवर्ष बाढ़ आती है।

बिलग्राम-मल्लावाँ क्षेत्र के सढ़ियापुर गांव के पास मां गंगा में गर्रा नदी का मिलान होता है, जिससे इस क्षेत्र में पानी के बहाव की गति बहुत विकराल हो जाती है। इससे सढ़ियापुर गांव से उन्नाव जनपद के गहरिपुरवा गांव तक मां गंगा के तट पर बसे हुए सैंकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। वहां 110 गांव ऐसे हैं जो हर वर्ष तबाह हो जाते हैं। इसीलिए आपके माध्यम से मैं बाढ़ की इस समस्या को इस सदन में सरकार के संज्ञान में लाना चाहती हूं तथा मांग करती हूं कि जनहित में बाढ़ की इस समस्या का समाधान मां गंगा के किनारे पर तट बांध निर्माण कर कराया जाए।